हिन्दुस्तान ज़िंक में फायर सेफ्टी वीक का ईशुभारंभ

प्रतिवर्ष 14 से 20 अप्रेल तक गृह मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित किये जाने वाले फायर सेफ्टी वीक, अग्निशमन सेवा सप्ताह का ईशुभारंभ हिन्दुस्तान ज़िंक में किसी भी प्रकार के आग से बचाव, जीवन एवं संपत्ति के नुकसान और रोकथाम के लिए प्रतिबद्धता को दोहराने के संकल्प के साथ प्रारंभ हुआ।

हिन्दुस्तान ज़िंक की प्रत्येक इकाई में अग्निशमन दल और बचाव दल की समर्पित टीमें हैं जो संयंत्रों एवं माइंस के भीतर एवं आसपास किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सदैव तत्पर एवं सक्षम हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक की टीमों को फायर फाइटर्स के बतौर किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए समुदायों और जिला प्रशासन से कई पुरस्कार और प्रशंसा मिली है।

हिन्दुस्तान ज़िंक की सभी इकाईयों में इस सप्ताह के दौरान सभी कर्मचारियों को अग्नि और विद्युत सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान, घरों में आग से सुरक्षित प्रथाओं के बारे में परिवारों को जागरूक करने हेतु ऑनलाइन परिचर्चा, प्रशिक्षण सत्र, प्रश्नोत्तरी, एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा इस सप्ताह के समापन पर फायर फाइटर्स को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। सप्ताह की ईशुरूआत के साथ ही सभी कर्मचारियों से कोविड19 से बचाव के लिए सुरक्षित रहने के लिए सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना हेतु आव्हान किया गया।